महत्वपूर्ण एवं खास

सोनिया नगर सब स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

रायगढ़। दिनांक 18/08/2023 के सुबह थाना कोतवाली में सोनिया नगर सब स्टेशन के पास रेल्वे ट्रैक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे पड़े हाने की सूचना प्राप्त हुआ। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा थाने से सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा के हमराह स्टाफ मौके के लिये रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे स्टाफ को अप और डाउन रेलवे लाइन के बीच अज्ञात मृतक की उम्र करीब 50-55 साल का शव पड़ा मिला। कोतवाली स्टाफ द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही दौरान घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया। मृतक आसमानी रंग का टी-शर्ट और कत्था रंग का पैंट पहने हुये है, जिसके पास किसी प्रकार का पहचान पत्र (आईडी) नहीं मिला है, आसपास के लोग से मृतक के संबंध में पूछताछ किये जाने पर किसी ने मृतक को नहीं पहचाना। पंचनामा कार्यवाही बाद कोतवाली पुलिस द्वारा शव को केजीएच के मच्युरी में रखवाया गया है। थाना कोतवाली में मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक के वारिसानों की पतासाजी कर रही है, मृतक के फोटोग्राफ्स कई व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर मृतक के संबंध में जानकारी देने कोतवाली पुलिस रायगढ़ के द्वारा अपील किया गया है।

रोजगार कार्यालय के पास हथियार लहराता मिला युवक, चक्रधरनगर पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

रायगढ़। दिनांक 18/08/2022 के दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक युवक पंजरी प्लांट रोजगार कार्यालय के पास हाथ में हथियार लिये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने के पेट्रोलिंग स्टाफ को मौके पर जाकर तस्दीक और कार्यवाही करने का निर्देश दिये। चक्रधरनगर पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची जहां युवक सूरज यादव पिता सुनील यादव उम्र 20 साल निवासी पंजरी प्लांट थाना चक्रधरनगर हाथ में एक चाकू लेकर लोगों को डराते धमकाते मिला जिसे सुरक्षा पूर्वक हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी सूरज यादव के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक डिमांड पर भेजा गया है।

केजरीवाल व मान आज रायपुर टाउन हाल में करेंगे बैठक

रायपुर (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी तू डाल डाल, मैं पात-पात की तर्ज पर प्रदेश में कांग्रेस भाजपा का पीछा कर रही है। जोगी कांग्रेस की स्थिति को देखते हुए आम आदमी पार्टी की नजर उसके 6त्न वोट पर है। इसे हासिल करने पूरी ताकत के साथ छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लडने के लिए तैयार है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवालवदो दिन बाद फिर छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। वे 19 या 20 अगस्त को रायपुर मे टाउन हाल सम्मेलन में शामिल होंगे। उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान के भी आने की खबर है। आज दोपहर बाद कार्यक्रम तय हो जाएगा। प्रदेश प्रमुख. कोमल हुपेंडी ने छत्तीसगढ़ से कहा कि केजरीवाल जी एक निजी होटल में टाउन हाल लेंगे। जहां प्रदेशभर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं जुटेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान छत्तीसगढ़ में दो बार चुनाव सभा कर चुके है. रायपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और बिलासपुर में चुनावी सम्मेलन किया जा चुका है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 2018 के बाद 2023 में भी आम आदमी पार्टी पूरे 90 विधानसभा सीट पर चुनाव लडने वाली है। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। घोषणा पत्र समिति का गठन भी कर दिया गया है। गांव-गांव में आम आदमी पार्टी की टीम बनाई जा रही है।जो सोशल मीडिया के जरिए पूरे प्रदेश के नेताओं को कनेक्ट करने के लिए बनाया जा रहा है।

स्वीप कार्यक्रम : तमनार में महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित

❐ नववधुओं को हुआ सम्मान, 2000 महिलाओं ने लिया मतदान हेतु शपथ

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के तहसील तमनार के आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल मैदान में 2000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा चिन्हारी लोकतंत्र के तहत मानव श्रृंखला के माध्यम से वोटर चिन्ह निर्माण कर लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं एसडीएम घरघोड़ा ऋषा ठाकुर के नेतृत्व में लगभग 2000 महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान हेतु शपथ लिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने परिवार के मतदाता सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने हेतु संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि 2 से 31 अगस्त 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ है जिसमें दावा-आपत्ति तथा संशोधन का कार्य बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 19 एवं 20 अगस्त को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोडने, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

कार्यक्रम में तहसीलदार रिचा सिंह, नायब तहसीलदार रश्मि पटेल, मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा, ग्राम्य भारती संचालक लक्ष्मीनारायण चौधरी, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अर्चना मरकाम, सीईओ वीरेन्द्र सिंह राय, दुलेन्द्र पटेल, तमनार तहसील के सभी निर्वाचन मास्टर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, महिला समूह एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

नववधुओं का हुआ सम्मान

आगामी निर्वाचन में महिला मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप योजना अंतर्गत तमनार में नवविवाहिता वधु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में 18 वर्ष एवं इससे अधिक वर्ष की प्रत्येक महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना, निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना, महिलाओं को भयमुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित करना, विवाह उपरांत निवास स्थान पर मतदाता सूची में पंजीयन कराना, मतदाता सूची में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन की जानकारी देना था।

राज्य के सभी रीपा में जल्द ही उपलब्ध होगी बैंकिंग सुविधा

❐ छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग ने नाबार्ड, अपेक्स एवं अग्रणी बैंकों की ली बैठक

❐ रीपा हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधा होगी उपलब्ध

रायपुर (आरएनएस)। नया रायपुर स्थित राज्य योजना आयोग के कार्यालय में आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने नाबार्ड, अपेक्स एवं अग्रणी बैंकों की बैठक ली। बैठक में राज्य में स्थापित सभी 300 रीपा में बैंक की सुविधा उपलब्ध कराने की चर्चा की गई। जिससे रीपा के ग्रामीण व्यवसायियों, स्व-सहायता समूहों को रीपा ग्राम में ही बैंकिंग सुविधा, त्वरित ऋण प्राप्त हो सकें। वर्तमान में 70 रीपा में बैंक सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध है साथ ही अन्य रीपा में बैंक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में योजना आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमण्यम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के संयुक्त सचिव डॉ. गौरव सिंह और योजना आयोग के संयुक्त संचालक डॉ नीतू गोरडिया एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

आयोग के उपाध्यक्ष सिंह ने कहा की रीपा में बैंक लिंकेज करवाना सिर्फ हितग्राहियों के लिए ही नहीं, बल्कि बैंकों के लिए भी लाभदायक होगा। सिंह ने सुझाव दिया की बैंक अपने क्षेत्र के रीपा में जागरूकता शिविर लगवाकर बैंकिंग सुविधाओं की बारे में लोगों को जानकारी दें। साथ ही कहा कि पंचायत विभाग और बैंक प्रतिनिधि समन्वय करके आगे की कार्य योजना तैयार करें।

मुख्यमंत्री के सलाहकार शर्मा कहा की आज के गावों के युवा महत्वाकांक्षी हो गए हैं और अपना उद्योग शुरू करना चाहते हैं। जिसमें रीपा एक बड़ी भूमिका निभा रहा है।

बैठक में बैंकों को रीपा में चल रही गतिविधियों और हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गयी। बैंको ने तत्काल रूप से रीपा में से ही हितग्राहियों को चयनित कर उनके साथ सीएससी, माइक्रो एटीएम और बैंक मित्र के द्वारा बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि मोबाईल बैंकिंग वैन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं दी जा सकती है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास के संयुक्त सचिव डॉ गौरव सिंह ने बैंक प्रतिनिधियों को अपने जिला में कार्यरत अधिकारियों के माध्यम से रीपा हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करने एवं हितग्राहियों को ऋण आवेदन की प्रक्रिया में सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है रीपा-ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए गौठानों को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के रूप में विकसित करने के लिए बुनियादी अधोसंरचना, वर्कशेड आदि के विकास हेतु 300 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। राज्य में 300 महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का निर्माण कराया गया है। रीपा के अंदर एक प्रशासनिक क्षेत्र का निर्माण किया गया है, जिसमें बैंकिंग सुविधा हेतु क्योस्क, इंटरनेट सुविधा हेतु वाईफाई कनेक्शन. राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी हेतु हेल्पडेस्क का निर्माण किया गया है।

वन विभाग ने की बड़ी कार्यवाई, हजारों टन प्रतिबंधित लकड़ियां ट्रक सहित जब्त

बालोद (आरएनएस)। बालोद जिले में प्रतिबंधित लकडियों की तस्करी कर रहे तस्?करों पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने ग्राम करहीभदर डिपो में बुधवार की देर शाम ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 0918 में प्रतिबंधित लकडिय़ां जैसे सागौन, शीशम, कौहा की तस्करी करते हुए पकड़ा है।

डीएफओ को मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर रात करीबन 12 बजे तत्काल बालोद रेंजर को भेज जब्ती की कार्रवाई की। देर रात होने की वजह से लकडिय़ों की संख्या का आंकलन नहीं किया जा सका। वहीं ट्रक पूरा लकडिय़ों से भरा हुआ है।

अंदाजा लगाया जा रहा की वाहन में सैकड़ों टन प्रतिबंधित लकडिय़ां है। जिसे ग्राम कांडे से गाड़ाडीह ले जाया जा रहा था। वहीं जब्त वाहन करहीभदर डिपो में खड़ी हुई है। रेंजर ने आज सुबह पंचनामा के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री के निर्देश पर वन विभाग द्वारा लकडिय़ों के अवैध परिवहन और कटाई पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। बालोद वन विभाग की टीम द्वारा भारी मात्रा में सागौन, शीशम, कौहा लकडिय़ों का अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की गई।

पुलिसकर्मियों ने लिया एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की शपथ

रायगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को प्रतिवर्ष "सद्भावना दिवस" के रूप में मनाया जाता है। सद्भावना दिवस मनाये जाने का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषा और क्षेत्र के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण की भावना जागृत करने और हिंसा के विचार को छोड़ते हुए सद्भाव को बढावा देना है। 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने से वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार आज 18 अगस्त को जिला पुलिस कार्यालय एवं जिले के सभी थाना, चौकियों में पुलिसकर्मियों द्वारा एकता एवं सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा लिया गया है।

नहरपाली और भूपदेवपुर के स्कूलों में भूपदेवपुर पुलिस व महिला सेल नक आयोजित की जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर आज थाना भूदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नहरपाली के प्राथमिक शाला एवं हाईस्कूल तथा हाईस्कूल भूपदेवपुर में महिला सेल की टीम द्वारा भूपदेवपुर पुलिस के साथ महिलाओं एवं बच्चों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राजेश जांगड़े तथा महिला सेल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा द्वारा छात्रों को गुड टच, बैड टच साइबर अपराध तथा यातायात के नियमों एवं इनकी पालना की जानकारी दिया गया। गुड टच, बैड टच का डेमो देकर बच्चों को बताया गया कि यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति ऐसा करता है। तो उससे डरें नहीं, इसके बारे में तत्काल अपने स्कूल के टीचर और माता-पिता को बताएं। बच्चों और स्कूल स्टाफ को साइबर अपराधों की जानकारी देकर उनसे बचाव के उपाय बताया गया। कार्यक्रम में पुलिस सहायता के लिए डायल 112 का उपयोग एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया और उसके संचालन और उपयोगिता बताए गए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राजेश जांगड़े, महिला सेल प्रभारी एएसआई मंजू मिश्रा एवं भूपदेवपुर थाने का आरक्षक मनोज यादव महिला आरक्षक गौरी सिदार, महिला सेल की रोजमेरी, इंदु एक्का, प्रीति यादव शामिल रहे।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से युवाओं को मिला रोजगार

❐ 12वीं के पढ़ाई के साथ युवा अपनी मनपसंद ट्रेड में करेंगे आटीआई

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए नित नए प्रयास कर रहा है। बेहतर शिक्षा के साथ उनका कौशल उन्नयन किया जा रहा है प्रदेश के युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। प्रशासन युवाओं की ऊर्जा को राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सकारात्मक दिशा दिया जा रहा है। युवा अपने लोक संस्कृति पारम्परिक खेलों के प्रति आकर्षित हो सके इसके लिए छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की शुरुआत की गई है। युवाओं का आर्थिक बोझ कम करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा पी .एस .सी. और व्यापम की परीक्षा माफ कर दी है ताकि अधिक से अधिक युवा अपना भविष्य संवार सके मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिला है। छत्तीसगढ़ शासन ने सार्थक पहल करते हुए युवाओं के लिए कक्षा 12 वीं के साथ आई टी आई की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य के युवाओं को बेहतर से बेहतर शिक्षा के साथ उनका कौशल उन्नयन कर रोजगार से जोडऩा प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से वर्ष 2018 से लेकर 30 जून 2023 की स्थिति में 43 हजार 862 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से 13 हजार 661 युवाओं को रोजगार उपलब्ध हुआ और 10 हजार 254 युवाओं ने स्व-रोजगार प्राप्त किया है। इसी तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से 15 हजार प्रशिक्षित युवाओं में से 3854 को रोजगार मिला है।

राज्य के बहुत से विद्यार्थी, हायर सेकेंडरी तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद कोई निश्चित उद्देश्य नहीं होने के कारण आगे की पढ़ाई छोड़ देते हैं और उनके पास कोई कौशल नहीं होने और उद्यमिता का कोई ज्ञान नहीं होने के कारण वह बेरोजगार बने रहते हैं। स्कूलों में दी जा रही औपचारिक शिक्षा के साथ राज्य की आईटीआई में दिए जा रहे व्यवसायिक प्रशिक्षण के एकीकरण और उन्हें मुख्यधारा में लाने का एक अभिनव शुरूआत की है। इसके तहत राज्य के हायर सेकेंडरी स्कूलों में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र जो साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्राप्त करने के इच्छुक हैं, उनके लिए स्कूलों एवं आईटीआई समन्वय के माध्यम से उन्हें दोनों अर्थात स्कूली शिक्षा एवं अपनी रुचि का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना प्रारंभ की गई है।

मध्य प्रदेश के जबलपुर में मिली बालिका, रायगढ़ बस स्टैंड से लापता हुई थी नाबालिग

❐ अपहृत बालिका को तलाश कर रही कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

❐ बालिका को भगा ले जाने वाला आरोपी दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में गया जेल

रायगढ़। बीते 13 अगस्त को थाना कोतवाली में मजदूरी का काम करने वाली महिला उसकी नाबालिग बच्ची के 11 अगस्त के शाम केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड के पास से उसकी लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करायी। महिला बताई थी वह मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है,अक्सर बस स्टैंड पर रात्रि में आश्रय लेती है। 11 अगस्त के शाम से बच्ची नहीं दिख रही थी जिसे खोजबिन करने पर कबाड़ बीनने वाले कैलाश राजपूत के साथ देखना बताये। तब थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी, कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में धारा 363 368 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर संदेही और बालिका की पतासाजी में लिया गया।

संवेदनशील पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को सर्व प्राथमिकता के आधार पर साइबर सेल और उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते जल्द से जल्द संदेही एवं बालिका की पतासाजी में लगाए। थाना प्रभारी द्वारा अलग-अलग टीमें तैयार कर एक टीम को संदेही कैलाश राजपूत के मूल निवास जशपुर के लिए रवाना किये अन्य टीमें रायगढ़ शहर, चंद्रपुर, सीमावर्ती के जिलों के मंदिर, प्रतीक्षालय, बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन आदि जाकर चेक किया गया तथा रेलवे स्टेशन के टीवी फुटेज चेक कर सभी जिलों के साथ रेल पुलिस के साथ बालिका एवं संदेही के डिटेल साझा किया गया। अपराध कायम के 48 घंटे की लगातार पतासाजी पर दिनांक 15/08/2023 को संदेही कैलाश राजपूत को एक नाबालिग बालिका के साथ मध्यप्रदेश के जबलपुर में देखे जाने की सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस की एक टीम जबलपुर रवाना हुई। जहां संदेही और अपहृत बालिका का पतासाजी किया गया। संदेही कैलाश राजपूत के पास नाबालिग बालिका मिली। बालिका को दस्तयाब कर संदेही को हिरासत में लिया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया है जिसमें उसने आरोपी कैलाश राजपूत द्वारा बहला-फुसलाकर ट्रेन से साथ ले जाने और कुकर्म करने की जानकारी दी।

बालिका के कथन, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट की धाराएं विस्तारित कर आरोपी कैलाश राजपूत पिता बालेश्वर राजपूत उम्र 25 साल निवासी ग्राम पंचायत देवरी कछवाकानी वार्ड नं0 10 चौकी दोकडा, थाना कांसाबेल जिला जशपुर (छ.ग.) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड बाद जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेवहात, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU